राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
State Election Commission, Bihar

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 10 अप्रैल 2026

जम्मू-कश्मीर के राज्य निर्वाचन आयुक्त का बिहार के स्थानीय निर्वाचन सुधार के तहत तकनीकी नवाचारों के अध्ययन हेतु बिहार दौरा

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा स्थानीय निर्वाचनों में अपनाए गए तकनीकी नवाचारों तथा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया का गहन अध्ययन करने के उद्देश्य से जम्मू-कश्मीर के माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री शांतमनु बदलते बिहार के स्थानीय चुनावों में विस्तारपूर्वक जानकारी लेने के निमित्त पधारे।

इस अध्ययन दौरे के अंतर्गत माननीय आयुक्त ने बिहार में विकसित हो रही चुनावी प्रक्रिया और तकनीकी प्रगति का गहन अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने नवाचार और तकनीकी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिसमें क्रमशः समस्त निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्ण डिजिटलीकरण,बायोमेट्रिक/एफ.आर.एस.(फेस रिकॉग्निशन सिस्टम) द्वारा मतदाता सत्यापन,इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) द्वारा मतदान,मतदान केंद्र, व्रजगृह एवं मतगणना केन्द्रों की वेबकास्टिंग के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग,व्रजगृह में डिजिटल लॉक प्रणाली, ओसीआर (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन) तकनीक द्वारा मतगणना,जी.आई.एस. (भौगोलिक सूचना प्रणाली) मैपिंग,ई-वोटिंग सुविधा के अलावा सम्पूर्ण चुनावी प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी शामिल रहा। इस दौरान उन्होंने बिहार में क्रियान्वित विभिन्न चुनावी नवाचारों, निर्वाचन प्रणाली में अभूतपूर्व सुधार एवं आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं को काफी सराहा।

जम्मू-कश्मीर के माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त ने यह जानने का विशेष प्रयास किया कि किस प्रकार तकनीकी उपायों के माध्यम से बिहार की चुनाव प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार द्वारा चुनाव सुधारों की दिशा में किए गए ये प्रयास अत्यंत सराहनीय एवं

अनुकरणीय हैं, जिनसे चुनाव प्रक्रिया न केवल अधिक सुगम हुई है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसामान्य का विश्वास भी प्रगाढ़ हुआ है।

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार ने इस अध्ययन दौरे को अंतर-राज्यीय सहयोग एवं निर्वाचन सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल के रूप में सराहा है। इससे पूर्व बिहार के राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न और आयोग द्वारा प्रकाशित कॉफीटेबल बुक "नई पहल, नई उड़ान' भेंटकर जम्मू-कश्मीर के माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री शांतमनु को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त श्री शंभु कुमार, सचिव श्री मुकेश कुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

15/5/25

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार